# JP GROUP OF EDUCATION

## TOPPERS OF B.Ed. 2023-25

# बीएड फाइनल परिणाम : जेपी ग्रुप ऑफ एजुकेशन के दोनों कॉलेजों ने हासिल की 100 फीसदी सफलता



सना रईस.



निशा कुमारी



दिव्या भारती.



अमरदीप कुमार



संजीत कुमार



सुधांशु कुमार.



नीशु कुमारी

**बिहारशरीफ.** पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय, पटना से संबद्ध जे.पी. शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय बियावानी, एवं जे.पी. कॉलेज ऑफ एजुकेशन ने बी.एड. सत्र 2023-25 की द्वितीय वर्ष फाइनल परीक्षा में शत-प्रतिशत सफलता प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया है. जे.पी. शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय के मेधावी प्रथम स्थान संजीत कुमार (पिता दुर्गा प्रसाद यादव) 1170 अंक (90%), द्वितीय स्थान नीशु कुमारी (पिता – विनोद कुमार) – 1104 अंक (84.92%), तृतीय स्थान सना रईस (पिता रैसुल हसन) 1103 अंक (84.85%) वहीं जे.पी. कॉलेज ऑफ एजुकेशन के मेधावी प्रथम स्थान अमरदीप कुमार (पिता अजय प्रसाद) 85.77%, द्वितीय स्थान दिव्या भारती (पिता मनोरंजन चौधरी) 85.15% एवं तृतीय स्थान सुधांशु कुमार (पिता सरोज कुमार) एवं निशा कुमारी (पिता – महेंद्र कुमार) 84.23% ने प्राप्त किया. संस्थान के सचिव शैलेश कुमार ने दोनों कॉलेजों की इस उपलब्धि पर प्राचार्य, शिक्षकगण एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारियों को बधाई दी. उन्होंने कहा कि सभी छात्रों ने डिस्टिंक्शन मार्क्स प्राप्त किए हैं, जो संस्थान के उच्च शैक्षणिक स्तर को दर्शाता है.सचिव ने आगे कहा कि संस्थान का उद्देश्य केवल अच्छे शिक्षक ही नहीं, बल्कि कुशल नागरिक तैयार करना है. उन्होंने बताया कि महाविद्यालय के संरक्षक, बिहार सरकार के मंत्री श्रवण कुमार का सतत मार्गदर्शन संस्थान की सफलता में महत्वपूर्ण रहा है. उन्होंने कहा कि यह संस्थान नालंदा का एक पर्यावरण मित्र महाविद्यालय है, जहाँ स्वच्छ वातावरण में छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा व मार्गदर्शन प्रदान किया जाता है.

# BEST OF LUCK